राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
राजभवन, पटना–800022

प्रेस–विज्ञप्ति

संख्या– 121/2024

राज्यपाल ने बिहार विभूति डॉ० अनुग्रह नारायण सिंह की जयन्ती के अवसर पर उन्हें नमन किया

पटना, 18 जून, 2024 :– माननीय राज्यपाल श्री राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने बिहार विभूति डॉ० अनुग्रह नारायण सिंह की जयंती के अवसर पर आयोजित राजकीय समारोह में बिहार विधान मंडल परिसर, पटना में स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया तथा भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार, माननीय उप मुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी एवं श्री विजय कुमार सिन्हा, अन्य मंत्रीगण तथा गणमान्य लोगों ने भी डॉ० अनुग्रह नारायण सिंह जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया तथा उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

कार्यक्रम में सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग के कलाकारों द्वारा आरती–पूजन किया गया तथा देशभक्ति गीत प्रस्तुत किये गये। बिहार गीत की प्रस्तुति भी हुई।

....